# तहसील दिवस में 3 शिकायतें पंजीकृत, मौके पर हुआ निस्तारण

**तहसील दिवस**

हरिद्वार। **संवाददाता**

तहसील हरिद्वार मंगलवार को के सभागार में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। तहसील दिवस में राजस्व विभाग से सुखवंत सिंह मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुशील कुमार नायब तहसीलदार, ज्वालापुर ललित मोहन नायब तहसीलदार फेरूपुर, ऋषि पाल चौहान राजस्व निरीक्षक मांगेराम राजस्व निरीक्षक तथा राजस्व उप निरीक्षक लेखपाल, चकबंदी विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित



तहसील दिवस पर शिकायतें सुनते हुए।

हुए। तहसील दिवस में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई। छुट्टियां देवी निवासी फेरूपुर द्वारा उनकी गन्ने की फसल हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने पर मुआवजा दिलवाने की मांग की गई। विजेंद्र सिंह चौहान निवासी अजीतपुर द्वारा पेयजल के पुराने कनेक्शन दोबारा कनेक्शन लगवाने के नाम पर 500 प्रति कनेक्शन विभाग द्वारा लिए जाने पर रोक लगाए जाने के संबंध में दिया गया। नौरती देवी द्वारा ट्यूबवेल पर मीटर लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। सभी प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके पश्चात तहसील दिवस का समापन हुआ।

# सर्वे भवन्तु सुखिन की प्रार्थना के साथ गायत्री अश्वमेध महायज्ञ सम्पन्न



गायत्री अश्वमेध महायज्ञ में भाग लेते हुए विदेशी।

**संवाददाता** हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्त्वावधान में हैदराबाद में 3 जनवरी से चल रहे गायत्री अश्वमेध महायज्ञ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर देश–विदेश से पहुंचे लाखों याजकों ने विशिष्ट वैदिक कर्मकाण्ड के साथ 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की प्रार्थना की। पांच दिन तक चले इस महायज्ञ में भारत के अलावा रुस, अमेरिका सहित विभिन्न देशों के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महायज्ञ के दौरान भारत की सांस्कृतिक की विरासत को अक्षुण्य बनाये रखने, विश्व की खुशहाली एवं विकास के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान किये गये। इस दौरान विशिष्ट वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा–अर्चना व हवन भी किया गया।



## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# हरीश रावत के स्टिंग मामले में सुनवाई अब दो मार्च को

**स्टिंग केस**

## पूर्व सीएम हरीश रावत के स्टिंग मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**संवाददाता**

नैनीताल/देहरादून। हाईकोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के स्टिंग मामले को लेकर सीबीआई की ओर से उनके खिलाफ दर्ज मामले में मंगलवार को संक्षिप्त सुनवाई हुई। जिसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल नैनीताल पहुंचे। अब मामले की सुनवाई 28 फरवरी को होगी। कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में पूर्व सीएम हरीश रावत के खिलाफ दायर विधायकों की खरीद–फरोख्त संबंधी स्टिंग ऑपरेशन संबंधी याचिका मामले में रावत की ओर से पैरवी कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने पूर्व में हरीश रावत के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाले प्रार्थनापत्र पर सुनवाई के बाद सीबीआई को जवाब दाखिल करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए सात जनवरी 2020 की तिथि नियत की थी।





न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई में रावत की ओर से सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को चुनौती देते हुए एक नई याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने इस पर सीबीआई से जवाब मांगा था। मामले के अनुसार मार्च 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा विधायकों की खरीद–फरोख्त का मामला सामने आया था। इसके बाद कांग्रेस सरकार अल्पमत में आ गई थी और राज्यपाल की संस्तुति पर रावत के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू हुई। सीबीआई द्वारा प्राथमिक जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए रावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुमति मांगी गई। इसी से जुड़े प्रकरण में हरक सिंह रावत ने कैबिनेट के 15 मई 2016 के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें कैबिनेट ने सीबीआई से जांच हटाकर एसआईटी को जांच के आदेश दे दिए थे। इस बैठक में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत की गैर मौजूदगी में कैबिनेट के अन्य सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया। प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, हरक सिंह रावत व चैनल इके सीईओ उमेश शर्मा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई है।

**राज्यपाल ने सीबीआई जांच की संस्तुति केंद्र को भेजी थी**

पूर्व सीएम रावत ने सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए कहा है सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने का अधिकार नहीं है। सीबीआई ने इस मामले में रावत के साथ ही न्यूज चैनल संचालक तथा वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 2016 में कांग्रेस विधायकों की बगावत का बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार का सियासी संकट शुरू हुआ था।

## न्यूज डायरी

### युवाओं की आवाज हिंसा से दबाने की कोशिश कतई बर्दाश्त नहीं करेंगेः प्रीतम सिंह

**संवाददाता** देहरादून। रविवार पांच जनवरी की रात देश की राजधानी दिल्ली में अराजक तत्वों द्वारा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में कैम्पस में घुस कर छात्र छात्राओं पर सरिए डंडों व हथौड़ों से जानलेवा हमला किये जाने व पूरे प्रकरण में दिल्ली पुलिस का मूक दर्शक बन कर तमाशा देखने की घटना के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय से कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च में पार्टी के सभी विधायक व पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में पार्टीजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि बीजेपी व आरएसएस तथा उसके तमाम सहयोगी संगठन देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की चरणबध्द साजिश कर रहे हैं।

### जल संस्थान ने 70 बकायेदारों को थमाया नोटिस, कुछ जगहों पर हुई नोंकझोंक

**संवाददाता** रुड़की। जल संस्थान ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों और मोहल्लों में अभियान चलाकर पेयजल के 70 बकायेदारों को नोटिस जारी किया। वहीं ढाई लाख रुपये की बकाया वसूली की गई। कुछ स्थानों पर विभाग के कर्मचारियों की बकायेदारों से नोंकझोंक भी हुई। मंगलवार को जल संस्थान ने मकतूलपुरी, बीटी गंज, चंद्रपुरी, चावमंडी, सिविल लाइंस, अंबर तालाब, पुरानी तहसील, आवास विकास, गणेशपुर, रामनगर, माहीग्रान समेत विभिन्न क्षेत्रों में बकाया वसूली अभियान चलाया। टीम ने बकायेदारों के घर–घर जाकर दस्तक दी। वहीं बकाया चुकाने में बार–बार आनाकानी करने वाले बकायेदारों को नोटिस थमाया गया।

### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने योजनाओं के प्रचार प्रसार को लगाए शिविर

**संवाददाता** हरिद्वार। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, हरिद्वार द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए नगर पालिका मंगलौर के प्रांगण में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी डॉ0 बी0सी0 कर्नाटक द्वारा पात्र व्यक्तियों को लाभ दिये जाने का आश्वासन दिया गया, साथ ही विभाग की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। डॉ0 राहत अली द्वारा कस्बा में अल्पसंख्यक छात्रों हेतु पुस्तकालय खोले जाने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में नगर पालिका मंगलौर के अध्यक्ष हाजी दिलशाद अली, डॉ0 शमशाद, नगर पालिका मंगलौर के सभासद महबूब, जावेद आलम, शाहवकार चिश्ति सहित लगभग 220 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# बारिश के बावजूद दून एक्सपो में खरीदारी को उमड़े लोग

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित नेशनल हैंडलूम एक्सपो में मंगलवार को दिनभर बारिश के बावजूद दूनवासी काफी संख्या में खरीदारी करने के लिए उमड़े। एक्सपो में खूब रौनक रही। एक्सपो में सभी स्टॉलों पर वाटरप्रूफ टेंट लगे हुए हैं ताकि स्टॉल वालों को कोई भी परेशानी न हो और वह अपना स्टॉल सही से चला पाए। बारिश में भी एक्सपो में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। बारिश में लोगों ने एक्सपो में फूड स्टॉलों पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया। लोगों को मूंग की दाल की पकोड़ी काफी



परेड मैदान में लगे हैंडलूम एक्सपो में खरीदारी करते लोग।

पसंद आई। एक्सपो में लोग खरीदारी के साथ–साथ खाने–पीने का भी खूब आनंद ले रहे हैं। एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों के फूड स्टॉल लगे हुए हैं, जिनमें लोग अपने मन–पसंद के व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। खाने के स्टॉलों की व्यवस्था भी बहुत ही अच्छे से की गई है ताकि लोगों को खाने में किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो। एक्सपो लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी इस एक्सपो में नजर आ रहे हैं। 25 दिसंबर से शुरू हुआ यह एक्सपो 12 जनवरी तक चलेगा। एक्सपो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जा रही है, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कलाकारों द्वारा गढ़वाली, जौनसारी, कुमांऊनी लोकनृत्य, लोकगीतों की प्रस्तुति दी जा रही है। मेला अधिकारी के.सी. चमोली ने बताया कि मंगलवार को बारिश के बावजूद एक्सपो में खूब रौनक रही। काफी संख्या में लोग एक्सपो में पहुंचे।

# ग्रामीण पर बाघ ने किया हमला डरने की बजाए भिड़ गया ग्रामीण

**संवाददाता** रामनगर। भैंस चराने जंगल गए गुजर पर बाघ ने हमला कर दिया। खुद को बाघ के चंगुल में देख गुजर बिना हिम्मत हारे बाघ से भिड़ गया। उसने संघर्ष कर खुद को बाघ के पंजों से छुड़ाया और मौके से भागकर सुरक्षित जगह पर आ गया। खून से लथपथ गुजर ने मौके से परिजनों को फोन किया। परिजन उसे लेकर चिकित्सालय पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया। रामनगर में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के जंगल अंतर्गत आमपोखरा रेंज के प्लाट नंबर 14 में गुजर परिवार रहता है। मंगलवार की सुबह आठ बजे गुजर ताज मो. पुत्र गुलाम रसूल भैंस चराने जंगल गया था। घर से करीब 500 मीटर दूर जंगल में झाड़ी में छिपकर घात लगाए बाघ ने उस पर पीछे से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में जब तक कुछ समझ पाता तब तक वह बाघ के चंगुल में फंस चुका था। बाघ ने उसके गले में पंजे से लगातार वार कर दिए। पंजों में खुद को फंसा देख उसने हिम्मत नहीं हारी। वह संघर्ष करते हुए बाघ के चंगुल से छूटने में कामयाब हो गया।